पंजाब केसरी 28/03/2025

चंडीगढ़ में राजकीय कला संग्रहालय एवं नैचुरल हिस्ट्री म्यूजियम का दौरा करते जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी।

जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया राजकीय कला संग्रहालय एवं नैचुरल हिस्ट्री म्यूजियम चंडीगढ़ का दौरा

अम्बाला, 27 मार्च (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के इतिहास विभाग एवं गांधी स्टडी सैंटर एंड म्यूजियम एवं जीव विज्ञान और वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के रूप में विद्यार्थियों को चंडीगढ़ में राजकीय कला संग्रहालय एवं नैचुरल हिस्ट्री म्यूजियम दिखाया गया है।

इतिहास विभाग के अध्यक्ष एवं शैक्षणिक भ्रमण के इंचार्ज डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि इतिहास विभाग हर साल की तरह इस साल भी इतिहास के विद्यार्थियों के लिए इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया है। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य इतिहास के विद्यार्थियों में इतिहास के प्रति जागरुकता पैदा करना है।

राजकीय कला संग्रहालय एवं नैचुरल हिस्ट्री म्यूजियम के माध्यम से विद्यार्थियों को इतिहास के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्राचीन भारतीय इतिहास से जुड़े हुए विभिन्न आर्टीफैक्ट्स के बारे में जाना तथा उनको समझा। प्राचीन काल के पहले शताब्दी से लेकर पांचवीं-छठी शताब्दी के बीच में गांधार कला में महात्मा बुद्ध की बनी हुई मूर्तियां को देखा तथा उनके महत्व के बारे में जाना।

इसके अलावा बच्चों ने नैचुरल हिस्ट्री म्यूजियम का भी भ्रमण किया, जहां पर बच्चों ने मनुष्य के उदय के बारे में जाना तथा साथ ही साथ पाषाण काल में मनुष्य किस तरह से रहता था, किन-किन औजारों का प्रयोग करता था, उनको देखा तथा उनके महत्व को जाना। उस समय मनुष्य के द्वारा प्रयोग की गई प्रौद्योगिकी के बारे में भी जाना।

इस शैक्षणिक भ्रमण में हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डा. रितु गुप्ता ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा विद्यार्थियों के साथ उन्होंने भी इस एक दृश्य शैक्षणिक भ्रमण के आयोजन में अपना सहयोग दिया। इस भ्रमण में 70 छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की।